सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

फा.सं:. NCST/ATY-509/BR/1/2022-RO-RNC-RU-IV

दिनांक : 17.07.2025

सेवा मे,

1 **कलेक्टर सह जिला मजिस्ट्रेट**
जिला - सीवान
जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय,
कलेक्टरेट परिसर, सीवान
जिला - सीवान (बिहार) -841226
ई-मेल: dm-siwan.bih@nic.in

2 **पुलिस अधीक्षक**
जिला-सीवान
एसपी कार्यालय सीवान
चित्रगुप्त नगर, सीवान, बिहार 841227
ई-मेल: <sp-siwan-bih@nic.in>

विषय: अभ्यावेदिका श्रीमती सुभावती देवी, पति- संजय साह गोड़, सा०हरपुर कोटवा, थाना- एम०एच०नगर, जिला-सिवान, बिहार से प्राप्त अभ्यावेदन "गोड़ जाति के सदस्य का जमीन बैनामा लिखवा लेने के संबंध में"।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर आयोग की माननीय सदस्य डॉ आशा लकड़ा की अध्यक्षता में दिनांक 30.06.2025 को आयोग मे हुई सिटिंग के कार्यवृत्त की प्रति संलग्न कर आपको प्रेषित है।

आपसे अनुरोध है कि सिटिंग के कार्यवृत्त मे की गई अनुशसाओं पर अनुपालन रिपोर्ट / की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर आयोग को प्रस्तुत करने का कष्ट करें ।

भवदीय

**(एच.आर .मीना/H.R.Meena)**
अनुसंधान अधिकारी/Research Officer
Email ID : rahul.1424@ncst.nic.in

प्रति सूचनार्थ:

**श्रीमती सुभावती देवी,**
पति- संजय साह गोड़,
सा०हरपुर कोटवा,
थाना- एम०एच०नगर,
जिला- सिवान, बिहार 841203
मो - 8002818127

(ii) PS to Humble Member (Dr. Asha Lakra)
(iii) NIC for uploading

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

**NCST/ATY-509/BR/1/2022-RO-RNC**

श्रीमती सुभावती देवी, पति- संजय साह गोड़, सा०हरपुर कोटवा, थाना- एम०एच०नगर, जिला- सिवान, बिहार के जमीन बैनामा लिखवा लेने के संबंध में प्राप्त अभ्यावेदन के सम्बन्ध में दिनांक 30.06.2025 को आयोग मुख्यालय में आयोग की माननीय सदस्य (डॉ आशा लकड़ा) की अध्यक्षता में हुई सिटिंग/ सुनवाई का कार्यवृत।

| | | |
|---|---|---|
| सिटिंग/ सुनवाई की दिनांक | : | 30.06.2025 |
| सिटिंग में उपस्थित प्रतिभागी | : | अनुलग्नक-I के अनुसार। |

शिकायतकर्ता श्रीमती सुभावती देवी, पति - संजय साह गोड़, सा० - हरपुर कोटवा, थाना - एम०एच०नगर, जिला - सिवान, बिहार - 841203 ने लिखित शिकायत की कि सेराज अहमद खाँ, पिता - नैमुलहक खाँ, सा० - रजनपुरा, थाना - एम०एच०नगर, जिला - सिवान ने उनके पति को झांसा देकर दिनांक 17.07.2015 को महाराजगंज में जमीन की सब-रजिस्ट्री करवा ली। जबकि अभ्यावेदिका के पति अनपढ़ हैं। बैनामा लिखवाते समय गोड़ जाति के स्थान पर कानू जाति लिखकर रजिस्ट्री कराई गई, जबकि उस समय गोड़ जाति के सदस्यों को जमीन लिखने पर पाबंदी थी। बैनामा लिखने के समय शिकायतकर्ता के पति की तबीयत खराब थी। इलाज कराने का बहाना बनाकर उन्हें ले जाया गया और धोखे से बैनामा लिखवा लिया गया। शिकायतकर्ता ने आयोग से अनुरोध किया है कि इस प्रकरण की जांच कराकर उनकी जमीन वापस दिलवाई जाए।

2. मामले में आयोग द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, जिला सिवान, बिहार को दिनांक 19.09.2022 को नोटिस जारी किया गया |

3. आयोग के नोटिस के उपरांत मामले में अभी तक केवल 14.11.2024 का एक अन्तरिम रिप्लाइ प्राप्त हुआ है । जिसमे कहा गया है कि भूमि पर वर्तमान में सुभावती देवी, पति संजय साह गोंड का दखल-कब्जा है। आवेदिका को सुझाव दिया गया था कि संबंधित दस्तावेज के खिलाफ सक्षम न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) मे वाद दायर कर उक्त रजिस्ट्री को रद्द कराया जा सकता है।

आशा लकड़ा

4. उपरोक्त मामले में दिनांक 18.11.2024 एंव तत्पश्चात 18.02.2025 को आयोग में सुनवाई निर्धारित की गई थी, जिसमें कोई भी संबंधित अधिकारी उपस्थित नहीं हुए। तत्पश्चात 30.06.2025 को फिर से सुनवाई निर्धारित की गयी जिसमे भी संबन्धित अधिकारी अनुपस्थित रहे व् प्रार्थी आयोग की सुनवाई में उपस्थित रहे

➢ **मामले की सुनवाई के उपरांत आयोग द्वारा निम्नलिखित अनुशंसाएं की जाती है :-**

1. इस मामले में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक , जिला सिवान, बिहार आयोग द्वारा निर्धारित तीनो सुनवाइयों में अनुपस्थित रहे है तथा न ही इस अनुपस्थिति का कोई कारण स्पष्ट किया अत: मामले में आयोग की कार्यप्रणाली के अनुसार आयोग द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाए।

आशा लकड़ा
14/07/2025

**(डॉ आशा लकड़ा)**

**सदस्य**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग**

डॉ. आशा लकड़ा/Dr. Asha Lakra
सदस्य/Member
भारत सरकार/Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
नई दिल्ली/New Delhi

Attendance Sheet
National Commission for Scheduled Tribes

**NCST/ATY-509/BR/1/2022-RO-RNC**

Sitting to be held on **30.06.2025 at 04.40 P.M** - Representation received from **Mrs. Subhavati Devi,** wife of Sanjay Sah God, Saharpur Kotwa, Police Station MH Nagar, District Siwan, Bihar-841203 regarding "Execution of land sale deed by a member of the God caste.

| Sl. No. | Name and Designation | Address & Phone No. | Signature |
|---|---|---|---|
| **I** | **National Commission for Scheduled Tribes** | | |
| 1. | Dr. Asha Lakra<br>Hon'ble Member | In Chair | |
| 2. | Shri Yogendra Prasad Yadav<br>Deputy Secretary | | |
| 3. | Shri H.R. Meena<br>Research Officer | | |
| 4 | Shri Rahul<br>Investigator | | |
| 5. | Ms. Riya<br>Investigator | | |
| 6. | Shri Rahul Yadav<br>Legal Consultant | | |
| 7. | | | |
| **II** | **Officers from O/o District Magistrate, Siwan, Bihar** | | |
| 1. | ———— | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| **III** | **Officers from O/o Superintendent of Police, Siwan, Bihar** | | |
| 1. | ———— | | |
| 2. | | | |
| 3 | | | |
| **IV** | **Petitioners** | | |
| 1. | सुभावती देवी | 8002818127<br>9852337565 | |
| 2. | | | |